# अक्षय संग काम पर बोलीं सैयामी



**बॉलीवुड** अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्म 'हैवान' में अपने फिटनेस आइडल अक्षय कुमार के साथ काम करने का अनुभव साझा किया है.

सैयामी खेर, फिल्मकार प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित फिल्म हैवान में बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ नज़र आने वाली हैं. सैयामी के लिए यह फिल्म बेहद खास है, क्योंकि अक्षय कुमार लंबे समय से उनके फिटनेस और अनुशासन भरे जीवन के सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत रहे हैं.


बॉलीवुड के सबसे फिट और अनुशासित सितारों में गिने जाने वाले अक्षय कुमार ने अपनी सेहत, खेल और एक्शन फिल्मों के प्रति समर्पण से कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है. सैयामी, जो खुद फिटनेस और खेलों को अपने जीवन और करियर का अहम हिस्सा है और ये मानती हैं कि यह जोड़ी दो ऐसे कलाकारों को साथ लाती है जिनकी सोच और ऊर्जा एक जैसी है.फिल्म हैवान के सेट पर दोनों कलाकारों का रिश्ता कैमरे से आगे तक दिखा. शूटिंग के दौरान अक्षय और सैयामी अक्सर साथ में खेलते और फिटनेस गतिविधियों में हिस्सा लेते नजर आए.

सैयामी ने हाल ही में एक मज़ेदार वीडियो भी शेयर किया, जिसमें वे साथ में खेलते दिख रहे हैं. फैंस को यह वीडियो काफी पसंद आया और दोनों की केमिस्ट्री की खूब सराहना हुई.

सैयामी ने कहा, 'मैं अक्षय सर की फिल्में देखकर बड़ी हुई हूं. वह असली फिल्म स्टार हैं जिन्होंने मुझे मेरी फिटनेस यात्रा में प्रेरित किया. उनका अनुशासन, जीवनशैली और सेहत को प्राथमिकता देना हमेशा से मेरे लिए प्रेरणा रहा है. अब प्रियदर्शन सर की हैवान में उनके साथ काम करना मेरे लिए बहुत रोमांचक है. मुझे उनकी सबसे खास बात यह लगती है कि बॉलीवुड के सबसे फिट स्टार और 'ओजी खिलाड़ी' होने के बावजूद वह अपनी जड़ों को कभी नहीं भूलते. वह स्टंटमैन का खास ख्याल रखते हैं और हमेशा मदद के लिए आगे रहते हैं.

# भंसाली के मुरीद हुए रणबीर

**बॉलीवुड** के रॉकस्टार रणबीर कपूर ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली की जमकर सराहना की है.



रणबीर कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर एक बड़ा अपडेट देते हुए फिल्ममकार संजय लीला भंसाली की जमकर तारीफ की है. हाल ही में इंस्टाग्राम लाइव के दौरान रणबीर ने अपने मौजूदा प्रोजेक्ट्स पर बात की और बताया कि भंसाली के साथ दोबारा काम करना उनके लिए एक शानदार अनुभव है. रणबीर कपूर ने कहा कि वह इन दिनों अपने प्रोजेक्ट्स के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, खासकर 'लव एंड वॉर' के लिए, जिसे उन्होंने एक 'अमेजिंग एक्सपीरियंस' बताया.

रणबीर ने लाइव सेशन के दौरान अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं उन प्रोजेक्ट्स पर बहुत मेहनत कर रहा हूँ जिनका मैं हिस्सा हूँ. 'लव एंड वॉर' का अनुभव अब तक बहुत ही शानदार रहा है. भंसाली सर के साथ दोबारा काम करना मेरा दिमाग चकरा देता है. वो एक ऐसे डायरेक्टर हैं जो पिछले चार दशकों में सबसे बेहतरीन रहे हैं. यह फिल्म वाकई बहुत स्पेशल होने वाली है. आपको बहुत जल्द इसके अपडेट्स मिलेंगे.'

इस फिल्म में आलिया भट्ट और विक्की कौशल भी नजर आएंगे, जिससे इंडस्ट्री के तीन सबसे बेहतरीन कलाकारों की एक जबरदस्त टीम बन गई है.रणबीर ने जिस तरह से इस फिल्म की तारीफ की है, उसने 'लव एंड वॉर' को लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है.

# कंगना ने सराहा 'यालिना' का किरदार


**फिल्म** धुरंधर में अपनी अदाकारी से सबका दिल जीतने वालीं अभिनेत्री सारा अर्जुन को बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर खुलकर समर्थन और तारीफ दी है. हाल ही में कंगना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सारा अर्जुन की तारीफ में पोस्ट शेयर करते हुए उनके अभिनय और पेशेवर दृष्टिकोण की सराहना की. कंगना ने लिखा कि सारा की एक्टिंग में जो प्राकृतिक अंदाज और मासूमियत है, वह बेहद प्रभावशाली है और उन्हें देखकर नए कलाकारों के लिए प्रेरणा मिलती है.



सारा अर्जुन ने महा शिवरात्रि के मौके पर ईशा फाउंडेशन में इस खास अवसर का जश्न मनाया. इस दौरान उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह अपने विचार और अनुभव साझा करती नजर आईं. कंगना ने इस वीडियो को देखकर सारा के व्यक्तित्व और करियर की सराहना की. कंगना ने लिखा कि सारा की मेहनत, समर्पण और स्क्रीन पर उनका सहज अंदाज उन्हें सिनेमा जगत में लंबी सफलता दिलाएगा.

'धुरंधर' में सारा अर्जुन के किरदार यालिना ने दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई है. उनकी परफॉर्मेंस को फैंस और आलोचक दोनों ने सराहा. कंगना की इस तारीफ से सारा अर्जुन को नया आत्मविश्वास मिला है और युवा कलाकारों के बीच उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं.

# अक्षय ने हिया के म्यूजिक वीडियो को किया रिलीज




**नवोदित** अभिनेत्री हिया के डेब्यू म्यूज़िक वीडियो 'शर्माना' को बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार ने रिलीज कर दिया है. गाने के अनावरण पर अक्षय कुमार ने खास तौर पर मौजूद रहकर नई कलाकार हिया को अपना समर्थन दिया.

के सेरा सेरा द्वारा प्रस्तुत और सिंगर-कंपोज़र-डायरेक्टर रामजी गुलाटी द्वारा निर्मित शर्माना को भारत का पहला ऐसा म्यूज़िक वीडियो माना जा रहा है, जिसे पूरी तरह वर्चुअल स्टूडियो और एआई इंटीग्रेशन के साथ शूट किया गया है. यह प्रोजेक्ट तकनीकी रूप से जितना खास है, उतना ही हिया के लिए एक बड़ा लॉन्च प्लेटफॉर्म भी साबित हुआ है, जहाँ उन्होंने अपने ग्लैमर, कॉन्फिडेंस और स्क्रीन प्रेज़ेंस से ध्यान खींचा है.

लॉन्च के मौके पर अक्षय कुमार की मौजूदगी ने हिया के डेब्यू को और खास बना दिया. इंडस्ट्री में नए टैलेंट को प्रोत्साहित करने के लिए जाने जाने वाले अक्षय ने हिया की परफॉर्मेंस और प्रोजेक्ट के स्केल की सराहना की. उनका यह समर्थन हिया को इंडस्ट्री की उभरती नई प्रतिभाओं में एक मजबूत पहचान दिलाता है.

वीडियो में हिया, रोहन मेहरा के साथ नज़र आती हैं. वर्चुअल स्टूडियो में शूटिंग करना पारंपरिक शूट से बिल्कुल अलग अनुभव होता है. ग्रीन स्क्रीन, कल्पनात्मक सेट और तकनीक आधारित परफॉर्मेंस. अपने पहले ही प्रोजेक्ट में हिया ने इस चुनौती को आत्मविश्वास के साथ निभाया. अपनी खुशी ज़ाहिर करते हुए हिया ने कहा कि अक्षय कुमार द्वारा उनका गाना लॉन्च किया जाना 'सम्मान और सपने जैसा शुरुआत' है. उन्होंने बताया कि अक्षय का प्रोत्साहन उनके लिए बेहद प्रेरणादायक रहा.

## नागिन 7 में प्रियंका ने दिखाए फिटनेस करतब



**टीवी** शो नागिन 7 की लीड एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी फिटनेस का शानदार नमूना पेश किया. इस वीडियो में प्रियंका हवा में उल्टा लटकी हुई एरियल जिमनास्टिक कर रही हैं और अलग-अलग करतब दिखा रही हैं. ब्लैक आउटफिट में उनका लुक और बैलेंस दोनों ही फैंस के लिए खास आकर्षण बन गए हैं. वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'संडे स्ट्रैच.' फैंस ने इस वीडियो पर भरपूर प्यार लुटाया और कमेंट सेक्शन में उन्हें फायर इमोजी भेजकर उनके प्रयास की सराहना की. कई फैंस ने उनकी लचीलापन और फिटनेस की तारीफ की और कहा कि उनका यह बदलाव बेहद शानदार और प्रेरणादायक है. नागिन 7 में प्रियंका अनंतपुर की नागरानी अनंता का रोल निभा रही हैं, जिनके सामने नमिक पॉल के किरदार आर्यमान का सच आने वाला है. इस जोड़ी की कहानी और उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री फैंस के बीच काफी लोकप्रिय है. प्रियंका चाहर चौधरी की फिटनेस और एक्टिंग के बीच संतुलन ने उन्हें शो की सबसे पसंदीदा नागिनों में से एक बना दिया है. इस वीडियो के जरिए उन्होंने दर्शकों को रिलीज़ से पहले ही अपनी शानदार परफॉर्मेंस का झलक दिखा दी.

# कहानी सुनते ही फिल्म बनाने का लिया फैसला

**बॉलीवुड** फिल्मकार संजय लीला भंसाली ने जब फिल्म 'दो दीवाने सहर में' की कहानी सुनी तो उन्हें उसी वक्त लग गया था कि यह एक ऐसी कहानी है जिसे पर्दे पर लाना ही चाहिए.




जी स्टूडियोज और भंसाली प्रोडक्शंस की फिल्म 'दो दीवाने सहर में' के टीज़र और गाने जब से आए हैं, तभी से यह फिल्म काफी चर्चा में है. टीम लगातार फिल्म के लीड कलाकार मृणाल ठाकुर और सिद्धान्त चतुर्वेदी के वीडियो शेयर कर रही है, जिसमें उनकी केमिस्ट्री देखते ही बनती है.

फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र के अनुसार, इस प्रोजेक्ट को अपनी असली पहचान तभी मिल गई थी जब लेखक अभिरुचि ने पहली बार भंसाली को यह कहानी सुनाई थी. सूत्रों ने बताया , 'जब अभिरुचि ने संजय लीला भंसाली को कहानी सुनाई, तो उन्हें तुरंत रोशनी और शशांक के किरदारों से एक गहरा जुड़ाव महसूस हुआ. उन्हें उसी वक्त लग गया था कि यह एक ऐसी कहानी है जिसे पर्दे पर लाना ही चाहिए. बस उसी पल से, इन दोनों किरदारों के लिए सही कलाकारों को चुनने का सफर अपने आप में एक बहुत ही यादगार प्रक्रिया बन गया.'

अपनी ग्रैंड कहानियों और किरदारों की गहराई के लिए मशहूर, भंसाली ने कथित तौर पर काफी वक्त लगाया यह सुनिश्चित करने में कि रोशनी और शशांक के किरदारों के लिए ऐसे एक्टर्स चुने जाएं जो मृणाल और सिद्धांत की तरह मासूमियत और इंटेंसिटी (गहराई), दोनों को बखूबी पर्दे पर उतार सकें.मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी का यह कास्टिंग का फैसला बहुत सोच-समझकर और बारीकी से लिया गया माना जा रहा है.

## लाइव परफॉर्मेंस से छाए दर्शन रावल




**जानेमाने** पार्श्वगायक दर्शन रावल का आने वाला गाना 'साथिया' ऑफिशियल रिलीज़ से पहले ही फैंस के दिलों को छू चुका है. दर्शन् रावल ने हाल ही में इस गाने को स्टेज पर लाइव परफॉर्म किया, जिससे दर्शकों को 25 फरवरी को होने वाली रिलीज़ से पहले ही इसकी एक खास झलक मिल गई. दर्शन ने परफॉर्मेंस का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, 'साथिया ने कल रात स्टेज पर अपनी जर्नी शुरू की... अविस्मरणीय. अभी भी उस एहसास से बाहर नहीं आ पाया हूँ. साथिया, 25 फरवरी को रिलीज़ हो रहा है.

## अनुपमा में शिवरात्रि के साथ ड्रामा और भक्ति



**टीवी** शो अनुपमा की लीड एक्ट्रेस रुपाली गांगुली ने इस बार भी शिवरात्रि के मौके पर अपने भक्तिपूर्ण अंदाज से फैंस का दिल जीत लिया. अनुपमा के सेट पर हर साल की तरह इस बार भी सेट को फूलों और सजावट से सजाया गया. रुपाली गांगुली ने शिवलिंग के सामने चंदन से पूजा अर्चना की और उसे अपने गले लगाया. उनके इस भक्तिमय अंदाज को फैंस ने खूब सराहा और सोशल मीडिया पर कमेंट्स में प्यार लुटाया. शिवरात्रि के इस मौके पर शो में दर्शकों को सेट पर खास उत्सव का अनुभव मिलता है, और इसके जरिए अनुपमा की कहानी में और भी गहराई और रंग आता है. इसके अलावा, शो में हाल ही में नए ट्विस्ट भी देखने को मिले हैं. कीर्ति और कपिल की एंट्री से ड्रामा बढ़ गया है. कीर्ति ने अपने परिवार को भ्रमित कर कपिल से बदला लिया, लेकिन अनुपमा ने उसकी साजिश का पर्दाफाश कर दिया. इससे वसुंधरा समेत परिवार के अन्य सदस्य भी चौंक गए. अनुपमा में पहले भी वनराज का शिव भक्त वाला रोल देखा गया था, और उनके बदलते रूप ने दर्शकों को आकर्षित किया. इस बार रुपाली गांगुली का भक्तिपूर्ण अंदाज और सेट पर शिवरात्रि का माहौल दोनों मिलकर शो को और भी खास बना रहे हैं. फैंस को अब 16 फरवरी के एपिसोड का बेसब्री से इंतजार है, जिसमें भक्तिभाव और ड्रामा का संगम देखने को मिलेगा.





# विंटेज अंदाज में भविष्य की रफ्तार

**दुनिया** की मशहूर सुपरकार निर्माता फरारी ने अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार **फरारी लूचे** को पेश कर ऑटो जगत में नई बहस छेड़ दी है. जहां आज अधिकांश कंपनियां बड़ी-बड़ी टचस्क्रीन और पूरी तरह डिजिटल केबिन की ओर बढ़ रही हैं, वहीं फरारी ने ट्रेंड से अलग राह चुनते हुए अपनी इलेक्ट्रिक कार में फिजिकल बटन और एनालॉग मीटर को प्राथमिकता दी है. यही कारण है कि लूचे का इंटीरियर सामने आते ही यह चर्चा का केंद्र बन गई है.

फरारी लूचे को इस तरह तैयार किया गया है कि यह आधुनिक तकनीक के साथ विंटेज कारों का एहसास भी कराए. बड़ी स्क्रीन की जगह सीमित आकार की स्क्रीन दी गई है, जबकि अधिकतर कंट्रोल पारंपरिक बटनों के जरिए संचालित होते हैं. स्पीडोमीटर, पावर डायल और ड्राइवर डिस्प्ले को एनालॉग शैली में रखा गया है, जिससे ड्राइविंग अनुभव अधिक जुड़ा हुआ और वास्तविक महसूस होता है. कई ऑटो विशेषज्ञों का मानना है कि इससे चालक का ध्यान सड़क पर अधिक केंद्रित रहेगा. हालांकि यह फैसला सभी को पसंद आए, ऐसा जरूरी नहीं है. कुछ लोग इसे डिजिटल दौर में पीछे की ओर कदम मान रहे हैं, तो कई इसे साहसिक और सराहनीय पहल बता रहे हैं. फरारी का मानना है कि ड्राइविंग का असली आनंद स्पर्श और नियंत्रण के अनुभव में छिपा है, न कि केवल बड़ी स्क्रीन में.

फीचर्स के मामले में यह कार किसी भी तरह से पीछे नहीं है. इसमें उन्नत चालक सहायता प्रणाली, क्रूज कंट्रोल, वाइपर और सस्पेंशन नियंत्रण जैसे फीचर स्टीयरिंग पर ही दिए गए हैं. इंडिकेटर के लिए भी अलग बटन स्टीयरिंग पर मौजूद हैं. इसके अलावा एक केंद्रीय कंट्रोल पैनल स्क्रीन दी गई है, जिसमें मैप, मीडिया सेटिंग, बैटरी की स्थिति, मोटर और पावर संबंधी जानकारी देखी जा सकती है. यानी तकनीक और परंपरा का संतुलित मेल इस कार की सबसे बड़ी खासियत है.

# बजट एमपीवी वर्ग में निसान की नई पारी

**निसान** भारत के ऑटो बाजार में अपनी पहली बहुउद्देश्यीय वाहन, निसान ग्रेवाइट, को पेश करने जा रही है. अब तक कंपनी देश में मुख्य रूप से एसयूवी श्रेणी में सक्रिय रही है, लेकिन ग्रेवाइट के जरिए वह बजट एमपीवी वर्ग में प्रवेश कर रही है. चार मीटर से कम लंबाई वाले इस खंड में पहले से कड़ी प्रतिस्पर्धा मौजूद है, ऐसे में यह लॉन्च कंपनी के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है.




ग्रेवाइट को सीएमएफ-ए प्लस मंच पर विकसित किया गया है, जिससे यह कॉम्पैक्ट आकार में बेहतर जगह और संतुलित प्रदर्शन देने में सक्षम हो सकती है. डिजाइन के स्तर पर इसमें नई एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट्स, बड़ा फ्रंट ग्रिल, आकर्षक बंपर, नए व्हील डिजाइन और ताजे रंग विकल्प दिए जाने की संभावना है. इसका बाहरी रूप आधुनिक और पारिवारिक ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया प्रतीत होता है.

सुविधाओं की बात करें तो इसमें आठ इंच की टचस्क्रीन सूचना-मनोरंजन प्रणाली, डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, वायरलेस एपल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो, पुश-बटन स्टार्ट/स्टॉप, रेन-सेंसिंग वाइपर, वायरलेस चार्जिंग पैड और कूल्ड ग्लोव बॉक्स जैसे फीचर मिल सकते हैं. बजट वर्ग में इतने आधुनिक फीचर इसे प्रतिस्पर्धियों से अलग पहचान दिला सकते हैं.

इंजन के तौर पर इसमें एक लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन दिए जाने की संभावना है, जो लगभग 72 हॉर्स पावर और 96 न्यूटन मीटर टॉर्क उत्पन्न कर सकता है. इसके साथ पांच स्पीड मैनुअल और पांच स्पीड एएमटी गियरबॉक्स विकल्प मिल सकते हैं. यही इंजन में भी उपयोग होता है, जिससे इसकी विश्वसनीयता का संकेत मिलता है.

संभावित एक्स-शोरूम कीमत करीब छह लाख रुपये के आसपास रखी जा सकती है. यदि निसान सही कीमत और बेहतर सेवा नेटवर्क के साथ इसे बाजार में उतारती है, तो ग्रेवाइट इस वर्ग में अपनी मजबूत पहचान बना सकती है.

## सीएनजी ताकत के साथ नया भरोसेमंद तिपहिया

**भारत** के वाणिज्यिक वाहन बाजार में टीवीएस ने एक और मजबूत कदम बढ़ाते हुए टीवीएस किंग कार्गो एचडी सीएनजी को लॉन्च कर दिया है. यह नया तिपहिया वाहन खासतौर पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी और छोटे व्यापारियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. बढ़ती ईंधन कीमतों और कम परिचालन लागत की मांग के बीच सीएनजी विकल्प के साथ इसका आगमन वाणिज्यिक वर्ग के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है.



टीवीएस किंग कार्गो एचडी सीएनजी को मजबूत निर्माण और ज्यादा उपयोगिता के साथ पेश किया गया है. इसमें 6.6 फीट लंबा लोड डेक दिया गया है, जिससे अधिक सामान आसानी से ढोया जा सकता है. पूरी तरह से खुलने वाली खिड़कियां चालक को बेहतर वेंटिलेशन और आराम देती हैं. कंपनी ने इसमें पावर गियर जैसी सुविधा भी दी है, जिससे भारी भार के साथ भी वाहन को नियंत्रित करना आसान हो जाता है. यह विशेषताएं इसे शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में डिलीवरी कार्यों के लिए उपयुक्त बनाती हैं. इंजन क्षमता की बात करें तो इसमें 301.1 सीसी का लिक्विड कूल्ड इंजन दिया गया है. यह इंजन 9.1 किलोवाट की शक्ति और 22.4 न्यूटन मीटर का टॉर्क उत्पन्न करता है. अधिकतम 62 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार के साथ यह वाहन शहर के भीतर माल परिवहन के लिए संतुलित प्रदर्शन देने में सक्षम है. 235 एमएम की ग्राउंड क्लीयरेंस इसे ऊबड़-खाबड़ सड़कों पर भी चलने योग्य बनाती है, जो भारतीय परिस्थितियों में एक महत्वपूर्ण पहलू है. सीएनजी ईंधन के कारण यह तिपहिया वाहन कम खर्च में अधिक दूरी तय करने का विकल्प देता है.

# कावासाकी मोटरसाइकिल पर बचत का सुनहरा मौका

**जापानी** दोपहिया निर्माता कावासाकी की भारतीय इकाई ने फरवरी 2026 में ग्राहकों के लिए खास छूट योजना पेश की है. स्पोर्ट्स बाइक पसंद करने वाले युवाओं और प्रीमियम मोटरसाइकिल खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए यह बेहतरीन अवसर माना जा रहा है. कंपनी अपनी निंजा और जेड श्रृंखला की चुनिंदा मोटरसाइकिलों पर लाखों रुपये तक की बचत का मौका दे रही है, जिससे प्रीमियम वर्ग की बाइक अब अपेक्षाकृत किफायती हो सकती हैं.

300 सीसी वर्ग में पेश की जाने वाली लोकप्रिय स्पोर्ट्स बाइक पर इस महीने विशेष लाभ दिया जा रहा है. कंपनी की ओर से वर्ष 2024 की बची हुई इकाइयों पर करीब 28 हजार रुपये तक की छूट दी जा रही है. यह ऑफर सीमित स्टॉक पर उपलब्ध है, इसलिए इच्छुक ग्राहकों के लिए जल्दी निर्णय लेना फायदेमंद हो सकता है. निंजा 300 अपने आक्रामक डिजाइन, संतुलित प्रदर्शन और दमदार इंजन के लिए जानी जाती है, जो युवाओं के बीच खास लोकप्रिय है.

कावासाकी की निंजा श्रृंखला लंबे समय से भारतीय बाजार में स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल का पर्याय मानी जाती रही है. आकर्षक फेयरिंग, मजबूत फ्रेम और भरोसेमंद इंजन तकनीक इसे प्रीमियम पहचान दिलाते हैं. वहीं जेड श्रृंखला की नग्न स्पोर्ट्स बाइक भी अपनी मस्कुलर बनावट और तेज रफ्तार क्षमता के लिए जानी जाती हैं. छूट के इस दौर में इन मॉडलों को खरीदना ग्राहकों के लिए समझदारी भरा कदम हो सकता है.

विशेषज्ञों का मानना है कि वर्ष के शुरुआती महीनों में कंपनियां पुराने स्टॉक को निकालने के लिए इस तरह की योजनाएं लाती हैं. इससे ग्राहकों को सीधे मूल्य में लाभ मिलता है और डीलरशिप पर उपलब्ध इकाइयों की बिक्री भी तेज होती है.यदि आप लंबे समय से कावासाकी की स्पोर्ट्स बाइक खरीदने का सपना देख रहे हैं, तो यह समय आपके लिए अनुकूल हो सकता है.

